**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 19.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", हिंदुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, दैनिक जागरण, न्यायाधीश, अमर उजाला ज्ञानशिखा टाइम्स,परफेक्ट मिशन,जनसंदेश टाइम्स,तरुण मित्र, आज," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## हिन्दुस्तान –दि0 19.10.2024

### सारनाथ में 286 वेंडरों को मिलेगी वेंडिंग कार्ट

सारनाथ। प्रधानमंत्री के हाथों प्रो पुअर प्रोजेक्ट योजना के उद्घाटन के साथ ही सारनाथ में 286 वेंडरों को वेंडिंग कार्ट बांटी जाएगी। वीडीए की ओर से शुक्रवार को पुरातात्विक संग्रहालय के पास कैंप लगाकर लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। संग्रहालय के मुख्य द्वार से सारनाथ मुख्य चौराहे तक वेंडिंग जोन में आने वाले वेंडिंग लाभार्थियों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से प्रो पुअर प्रोजेक्ट के तहत वेंडिंग कार्ट दी जाएगी।

## हिन्दुस्तान –दि0 19.10.2024

### सड़क किनारे अवैध निर्माण रुकवाया

वाराणसी। वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को शिवपुर, सिकरौल, हरहुआ से सिंधौरा रिंग रोड तक 26 स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों का निर्माण होता मिला। निर्माण रुकवाते हुए जोनल अधिकारी को शमन शुल्क जमा कराने का निर्देश दिया।

आज –दि0 19.10.2024

## अपर सचिवके निरीक्षण में २६ स्थलोंपर बिना मानचित्रके निर्माण हो रहे भवन

विकास प्राधिकरणके अपर सचिव डाक्टर गुडाकेश शर्मा ने शिवपुर, सिकरौल, हरहुआ और सिंधोरा रोड होते हुए वरुणा नदी के दोनों रिंग रोड क्षेत्र में नौ निर्मित मकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इन क्षेत्रों में छोटा चुप्पेपुर में बिना अनुमति के तेजी से बन रहे मकानों को लेकर संबंधित जोनल अधिकारी से नाराजगी जतायी। निरीक्षणमें सरसवां गांव तीन, कानूडीह में एक, दो दान्दूपुर, एक भगवानपुर, एक कोईराजापुर, चार तरना, दो भरलाई, पांच भगतपुर, तीन शिवपुर के अलावा दो प्रकरण सेंटर जेल और चुप्पेपुर में दो स्थानों पर तेजी से भवन निर्माण किया जा रहा था। मौके पर पहुंचे अपर सचिव ने भवन स्वामियों से मकान निर्माणके लिए स्वीकृत किये गये मानचित्र के विषय में जानकारी मांगी, जिसे भवन स्वामियोंने नकार दिया। उन्होंने क्षेत्रीय अवर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियंता अतुल मिश्रा को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन कामोंको तत्काल रोकते हुए भवन स्वामियों से समन मानचित्र दाखिल करनेके लिए कहा जाय। जोनल अधिकारीके निर्देश पर विप्रा की टीम ने सभी मकानों के हो रहे कार्यों को रोकवा दिया और समन मानचित्र दाखिल करनेका निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार वरुणा और अस्सी क्षेत्रमें भी विकास प्राधिकरण निरीक्षण करा रहा है कि प्रतिबंधित क्षेत्रोंमें कितने भवन बिना मानचित्र के निर्माणाधीन हैं और कितने भवन बनकर तैयार हो चुके हैं जहां पर लोग निवास कर रहे हैं। प्रतिबंधित क्षेत्र में हुए निर्माणके विरुद्ध विप्रा शीघ्र काररवाई करने की तैयारी कर रहा है।

न्यायाधीश –दि0 19.10.2024

## अपर सचिव वाविप्रा द्वारा विभिन्न प्रकरणों का किया गया स्थलीय निरीक्षण



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशों के क्रम में 18.अक्टूबर को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 के जोनल अधिकारी, श्री सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता, श्री अतुल मिश्रा एवं प्रवर्तन दल के साथ वार्ड शिवपुर एवं सिकरौल क्षेत्रांतर्गत हरहुआ से सिंधौरा रोड तक रिंग रोड के दोनों तरफ, हरहुआ से वरूणा नदी के दोनों तरफ रिंग रोड एवं हरहुआ से अतुलानंद स्कूल जेल रोड होते हुए वा0वि0प्रा0 ऑफिस तक कुल निम्न-प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। 03 प्रकरण सरसवॉ गॉव, 01 प्रकरण कानूडीह, 02 प्रकरण दान्दूपुर, 01 प्रकरण भगवानपुर, 01 प्रकरण कोईराजपुर, 04 प्रकरण तरना, 02 प्रकरण भरलाई, 05 प्रकरण भगतपुर, 03 प्रकरण शिवपुर, 02 प्रकरण छोटा चुप्पेपुर एवं 02 प्रकरण सेंट्रल जेल रोड पर कुल 26 स्थलों/निर्माणों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रशन्गत स्थलों के भवन स्वामियों द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्माण किया जा रहा था। निर्माणाधीन निर्माणों को रुकवाते हुए जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त हो रहे अनधिकृत निर्माणों के शमन आवेदन जमा कराते हुए प्राथमिकता पर शमन कराना सुनिश्चित करें। जोनल अधिकारी, सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता, अतुल मिश्रा, प्रवर्तन उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा –दि0 19.10.2024

## वीडीए ने अवैध निर्माणों को किया सील

**अपर सचिव के निरीक्षण में हुई कार्रवाई**

**वाराणसी।** वीडीए अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को शिवपुर एवं सिकरौल क्षेत्र में हरहुआ से सिंधौरा रोड तक रिंग रोड के दोनों तरफ हरहुआ से वरूणा नदी के दोनों तरफ रिंग रोड एवं हरहुआ से अतुलानंद स्कूल जेल रोड होते हुए वीडीए कार्यालय तक स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रश्नगत स्थलों के भवन स्वामियों द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक उपयोग के लिए निर्माण किया जा रहा था। निर्माणाधीन निर्माणों को रुकवाते हुए जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त हो रहे अनिधकृत निर्माणों के शमन आवेदन जमा कराते हुए प्राथमिकता पर शमन कराना सुनिश्चित करें।

## शमन मानचित्र निस्तारण, बकाया जमा शिकायत निस्तारण को लेकर की समीक्षा

**वाराणसी।** वीडीए में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में जोन-3 ;जोन-4, जोन-5 से संबंधित 'शमन मानचित्र निस्तारण, बकाया जमा, शिकायत निस्तारण, प्रवर्तन कार्यवाही इत्यादि की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी। जिसमे सील भवनों में हो रहे निर्माण कार्य को बंद कराने, बेसमेंट को खाली कराये जाने के संबंध में, अवैध प्लॉटिंग का ध्वस्तीकरण कराने सहित मुकदमा दर्ज कराने, अवैध पेट्रोल पम्प की जांच करने एवं उनका मानचित्र स्वीकृति के लिए अभियान चलाये व क्षेत्रांतर्गत हो रहे अवैध निर्माणों के सापेक्ष अधिक संख्या में शमन मानचित्र दाखिल कराने का निर्देश दिया गया। शमन मानचित्र के सापेक्ष आलोच्य सप्ताह में क्रमशः जोन-3-05, जोन-4 -03, जोन-5-02 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जमा शमन शुल्क के मद में क्रमशः जोन-3 में 11 लाख 41 हजार 844 रुपए जमा कराया गया है, जोन-4 में 49 लाख 91 हजार 822 रुपए जमा कराया गया है तथा जोन-5 में 13 लाख 5 हजार 185 रुपए प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया है।

अमर उजाला –दि0 19.10.2024

## परियोजनाओं पर जनसूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य

**वाराणसी।** वीडीए की अवस्थापना निधि की परियोजनाओं पर जनसूचना का बोर्ड लगाना अनिवार्य है। यह आदेश वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने दिया है। कहा कि बोर्ड पर पूरी सूचनाएं होनी चाहिए। इसकी मॉनीटरिंग खुद करेंगे। उन्होंने काम न करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करने को कहा है। सभी कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूरे किए जाएं। समयसीमा का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। निविदा प्रक्रिया से संबंधित सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाएं। ब्यूरो

## अवैध निर्माणों का शमन आवेदन दाखिल कराएं

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को शिवपुर और सिकरौल वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अवैध निर्माणों को रुकवाते हुए जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्माणों के शमन आवेदन जमा कराते हुए प्राथमिकता से जमा कराएं हरहुआ से सिंधौरा रोड तक रिंग रोड के दोनों तरफ, हरहुआ से वरुणा नदी के दोनों तरफ रिंग रोड एवं हरहुआ से जेल रोड होते हुए वीडीए कार्यालय तक निरीक्षण किया। उन्होंने कुल 23 निर्माणों का निरीक्षण किया। ब्यूरो

अमर उजाला –दि0 19.10.2024

## वेंडरों को दी गई कार्ट

सारनाथ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्तूबर को काशी आगमन के दौरान पर्यटन स्थल सारनाथ में प्रो पुअर योजना के तहत सुंदरीकरण कार्य के उद्घाटन से पूर्व शुक्रवार को वीडीए ने 286 वेंडरों को कार्ट उपलब्ध कराया। जिसके तहत वीडीए के अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा के नेतृत्व में सारनाथ के धर्मपाल मार्ग, मुनारी मार्ग रेलवे स्टेशन मार्ग के लिए फूड कार्ट 27, पैकिंग के समान के लिए 133, हैंडीक्राफ्ट के 126 कार्ट उपलब्ध कराए गए। संवाद

## आईआईटी बीएचयू में कार्यशाला

वाराणसी। असि नदी का डीपीआर बनवाने से पूर्व वीडीए की कार्यशाला शुक्रवार को बीएचयू आईआईटी में हुई। इसमें नदी के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखकर इसके पुरातन विरासत को लौटाने पर चर्चा की गई। इस नदी को पुनजीर्वित करने के लिए वीडीए और आईआईटी बीएचयू के बीच समझौता हुआ था। वीडीए से नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा, आईआईटी प्रोफेसर पीके सिंह मौजूद रहे। ब्यूरो

दैनिक जागरण –दि0 19.10.2024

## प्रो पुअर योजना ● तय स्थान पर लगेंगी हैंडीक्राफ्ट की दुकानें

# सारनाथ में 286 वेंडरों को पीएम देंगे ठेला

जागरण संवाददाता, वाराणसी : सारनाथ में प्रो पुअर पर्यटन विकास योजना के तहत 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों 286 वेंडरों को ठेला (कार्ट) मिलेगा। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को चयनित सभी वेंडरों को ठेला देने के साथ तय स्थान पर लगाने का निर्देश दिया। वेंडर तय स्थान पर ठेला लगाएंगे लेकिन उसका संचालन प्रधानमंत्री के हाथों शुभारंभ होने के बाद भी ही करेंगे। इस दौरान कुछ वेंडरों ने स्थान को लेकर विरोध जताया लेकिन समझाने के बाद मान गए। 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के हाथों सारनाथ में 90 करोड़ रुपये से प्रो पुअर पर्यटन विकास योजना के तहत हुए सुंदरीकरण कामों को लोकार्पण होना है।

भगवान बुद्ध की तपोस्थली सारनाथ में पर्यटकों की सुविधा, ठेले (पटरी के दुकानदार या वेंडर) पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को कोई परेशानी नहीं हो, सभी दुकान एक सामान दिखे। इसके मद्देनजर सारनाथ में चयनित 286 वेंडरों के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। हालांकि, पुरातत्व संग्रहालय से सारनाथ चौराहे तक हैंडीक्राफ्ट की दुकानें रहेंगी जिससे यहां गंदगी नहीं हो, क्योंकि यह क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित रहेगा।

दूसरा सामान न बेचने की हिदायत : वीडीए के अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा और सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा ने चयनित सूची के आधार पर एक-एक दुकानदारों को बुलाकर ठेला दिया। इसमें फूड कार्ट 27, पैकिंग समान के लिए 133, हैंडीक्राफ्ट के लिए 126 ठेला दिया गया। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया है कि जिस सामान के लिए ठेला आवंटित है वही सामान बेचे। दूसरा बेचने पर उनके खिलाफ कार्रवाई तय है। ठेला एक व्यवस्था के तहत दिया गया है।



सारनाथ में लाभार्थी को कार्ट का प्रमाणपत्र देते सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा ●

- वीडीए के अधिकारियों ने चयनित सभी लाभार्थियों को दिया कार्ट
- 20 को योजना का लोकार्पण होने के साथ खुलेगी दुकान



पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रो पुअर पर्यटन विकास योजना के तहत सारनाथ में सुंदरीकरण कराया गया है। स्ट्रीट बाजार बनाने के साथ वेंडरों को कार्ट दिया जा रहा है जिससे वे रोजगार करने के साथ अपने परिवार का पालन-पोषण कर सके।

–डा. वेद प्रकाश मिश्रा, सचिव, वीडीए

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 19.10.2024

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ने किया स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी( उपाध्यक्ष के निर्देश पर आज वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 के जोनल अधिकारी, सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता, अतुल मिश्रा एवं प्रवर्तन दल के साथ वार्ड शिवपुर एवं सिकरौल क्षेत्रांतर्गत हरहुआ से सिंधौरा रोड तक रिंग रोड के दोनों तरफ, हरहुआ से वरूणा नदी के दोनों तरफ रिंग रोड एवं हरहुआ से अतुलानंद स्कूल जेल रोड होते हुए वा0वि0प्रा0 ऑफिस तक कुल निम्न प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। 03 प्रकरण सरसवॉ गॉव, 01 प्रकरण कानूडीह, 02 प्रकरण दान्दूपुर, 01 प्रकरण भगवानपुर, 01 प्रकरण कोईराजपुर, 04 प्रकरण तरना, 02 प्रकरण भरलाई, 05 प्रकरण भगतपुर, 03 प्रकरण शिवपुर, 02 प्रकरण छोटा चुप्पेपुर एवं 02 प्रकरण सेंट्रल जेल रोड पर कुल 26 स्थलों/निर्माणों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रश्नगत स्थलों के भवन स्वामियों द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्माण किया जा रहा था। निर्माणाधीन निर्माणों को रुकवाते हुए जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त हो रहे अनधिकृत निर्माणों के शमन आवेदन जमा कराते हुए प्राथमिकता पर शमन कराना सुनिश्चित करें ।जोनल अधिकारी, सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता, अतुल मिश्रा,प्रवर्तन उपस्थित रहे।



# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002


Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## परफेक्ट मिशन –दि0 19.10.2024

### सारनाथ का हुआ सुंदरीकरण, प्रो-पुअर प्रोजेक्ट से बढ़ेगा पर्यटन व रोजगार

जिला संवाददाता

**वाराणसी।** भगवान बुद्ध की उपदेश स्थली सारनाथ का कलेवर अब पूरी तरह बदल गया है। सारनाथ की सड़कें वर्ल्ड लेबल की हो गई हैं और सड़क किनारे खुबसूरत हरियाली और स्टोन आर्ट के लैंप इसकी खुबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इसके लिए वर्ल्ड बैंक ने 90 करोड़ रुपए खर्च किया है। यूपी प्रो-पुअर पर्यटन के तहत सारनाथ में यह विकास किया गया है। सारनाथ में प्रो-पुअर टूरिज्म से हुए पुनर्विकास के कार्यों से पर्यटन के साथ-साथ रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व बैंक की सहायता से लगभग 90 करोड़ की लागत से प्रो-पुअर प्रोजेक्ट का कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री 20 अक्तूबर के आगामी दौरे पर परियोजना का उद्घाटन भी करेंगे। पर्यटन अधिकारी आरके रावत ने बताया कि सारनाथ के आसपास के रहने वालों की आय बढ़े और उन्हें अवसर मिले। सारनाथ और उसके आसपास के चौराहों और तिराहों का सुंदरीकरण किया गया है। सारनाथ और उसके आसपास के चौराहों व तिराहों का सौंदर्यीकरण किया गया है। लास्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत स्मारकों को आपस में जोड़ने व जीर्णोद्धार का कार्य हुआ है। धर्मपाल मार्ग का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइटिंग का कार्य हुआ है।




ऋषिपत्तन एवं अशोक मार्ग पर वे हि कु ल ा र डेवलपमेन्ट का कार्य, डेवलपमेंट ऑफ क्रासिंग (मार्कर पिलर-ऐतिहासिक स्तंभ) हेरिटेज स्ट्रीट लाइट, फसाड लाइट, व्यवस्थित पार्किंग, स्थानीय ठेलों खोमचे वालों का पुनर्वास किया जा रहा है। उनके लिए खास कस्टमाइज्ड मोबाइल व्हीकल्स दिया जा रहा। सारनाथ में सीसीटीवी,दिव्यांग एवं वृद्ध पर्यटकों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ट की व्यवस्था, ओवरहेड तारों को अंडरग्राउंड किया गया है। ड्रेनेज कार्य, वाटर हार्वेस्टिंग पर भी कार्य हो रहा है। आधुनिक जन सुविधाएं एवं पेयजल की सुविधाएं, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, पार्किंग,पर्यटक सूचना केंद्र साइनेज का कार्य एवं अन्य आवश्यक पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**2811 कामगारों को मिला प्रशिक्षण-** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि इस योजना की खास बात यह है कि विकास से पर्यटन उद्योग को जोड़ा गया है। प्रो-पुअर परियोजना अंतर्गत बौद्ध सर्किट में जीविकोपार्जन के लिए 2811 कामगारों को प्रशिक्षण ,उनके काम सम्बंधित 303 कामगारों को टूल किट दिया गया है। नए कामगारों को भी प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण में सभी को अतिथि सत्कार से सम्बन्धित प्रशिक्षण भी दिया गया है।

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 19.10.2024

### 26 अनाधिकृत निर्माण रुकवाए



**वीडीए की कार्रवाई**

**शमन आवेदन लेने के साथ जमा कराने का दिया निर्देश**

**वाराणसी।** वीडीए ने शुक्रवार को कुल 26 प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण किया। विभाग नें शिवपुर, सिकरौल वार्ड और हरहुआ से सिंधौरा रोड तक रिंग रोड के दोनों तरफ हो रहे निर्माण स्थल पर पहुंचा ,वहीं हरहुआ से वरूणा नदी के दोनों ओर रिंग रोड और हरहुआ से अतुलानंद स्कूल जेल रोड होते हुए वीडीए के आफिस तक के इलाके का स्थलीय निरीक्षण किया। इसको लेकर वीडीए के अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा ने जोन-1 के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता, अतुल मिश्रा ने वीडीए टीम के संग उक्त जगहों का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां हो रहे अनधिकृत निमार्णो की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विभाग ने पाया कि प्रश्नगत स्थलों के भवन स्वामियों द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 3 सरसवा गांव 1कानूडीह, 2 दान्दूपुर, 1 भगवानपुर, 1 कोईराजपुर, 4तरना, 2 भरलाई, 5 भगतपुर, 3 शिवपुर, 2 छोटा चुप्पेपुर एवं 02सेंट्रल जेल रोड पर कुल 26 प्रकरणों की स्थिति को देखा और निर्माण कार्य तत्काल रोकवाने का निर्देश दिया। उन्होंने जोनल अधिकारी से अनधिकृत निमार्णो के शमन आवेदन जमा कराने और प्राथमिकता के तौर पर इसे जमा कराने का निर्देश दिया । इस अवसर पर जोनल अधिकारी, सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता, अतुल मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

तरुण मित्र –दि0 19.10.2024

## वीडीए दे रहा है मौका, जल्द कराएं नक्शा पास : डा. गुडाकेश शर्मा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर को वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 के अफसरों एवं प्रवर्तन दल के साथ शुक्रवार को वार्ड शिवपुर एवं सिकरौल क्षेत्रांतर्गत हरहुआ से सिंधौरा रोड तक रिंग रोड के दोनों तरफ, हरहुआ से वरूणा नदी के दोनों तरफ रिंग रोड एवं हरहुआ से अतुलानंद स्कूल जेल रोड होते हुए वा0वि0प्रा0 ऑफिस तक कई प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि 03 प्रकरण सरसवॉं गॉंव, 01 प्रकरण कानूडीह, 02 प्रकरण दान्दूपुर, 01 प्रकरण भगवानपुर, 01 प्रकरण कोईराजपुर, 04 प्रकरण तरना, 02 प्रकरण भरलाई, 05 प्रकरण भगतपुर, 03 प्रकरण शिवपुर, 02 प्रकरण छोटा चुप्पेपुर एवं 02 प्रकरण सेंट्रल जेल रोड पर कुल 26 स्थलों/निर्माणों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रश्नगत स्थलों के भवन स्वामियों द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्माण किया जा रहा था। निर्माणाधीन निर्माणों को रुकवाते हुए जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त हो रहे अनधिकृत निर्माणों के शमन आवेदन जमा कराते हुए प्राथमिकता पर शमन कराना सुनिश्चित करें। वीडीए के जरिए यह मौका दिया जा रहा है कि जिन भवन स्वामियों द्वारा नक्शा पास नहीं कराया है वह जल्द से जल्द नक्शा पास करा लें। इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता अतुल मिश्रा प्रवर्तन उपस्थित रहे।